हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 नवंबर 2025

11 पुराने नक्शे से सीवरेज लाइन खुलवाने का प्रयास



12 हरियाणा की आरती 24 सेकेंड में दो सौ मीटर दौड़ी



**खबर संक्षेप**

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थी 28 फरवरी तक करें आवेदन

**भिवानी।** सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग) के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र विद्यार्थी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन 28 फरवरी तक कर सकते हैं। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि आवेदन ऑनलाइन भरे जाएंगे। सभी छात्र जरूरी दस्तावेज पोर्टल पर साफ-साफ अपलोड करवाएं ताकि योजना का लाभ मिलने में कोई विलंब ना हो। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए विभाग व हेल्प डेस्क अंत्योदय सरल केन्द्र भिवानी से भी संपर्क कर सकते हैं।

### नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम परीक्षा कल

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन 30 नवम्बर को करवाया जा रहा है। इस परीक्षा में प्रदेशभर में 57,268 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे, जिसमें 23031 छात्र, 34233 छात्राएं व 4 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। यह परीक्षा 192 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित करवाई जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं सचिव मुनीष शर्मा ने यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में संयुक्त रूप से बताया कि इस परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय स्तर पर परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने आह्वान किया कि परीक्षार्थी परीक्षा की पवित्रता बनाए रखें।

### लोहारू एसडीएम ऑफिस पर भारी संख्या में जुटे किसान

# बीमा क्लेम नहीं मिलने पर महापंचायत में गरजे किसान

किसान नेता बोले- बीमा कम्पनियों ने कमाए करोड़ों किसान मुआवजे के लिए भटक रहे



**लोहारू।** एसडीएम कार्यालय के बाहर आयोजित महापंचायत में उपस्थित किसान नेता व विभिन्न गांवों के ग्रामीण। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

भिवानी-दादरी जिले की खरीफ फसल 2023 व रबी फसल 2024 का बकाया बीमा क्लेम जारी करवाने, बीमा कंपनियों की लूट के खिलाफ और किसानों की अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों की बड़ी महापंचायत एसडीएम कार्यालय लोहारू में हुई । महापंचायत में किसानों की मांगों पर बातचीत करने के लिए एसडीएम और एडीसी पहुंचे। किसानों ने महापंचायत में बीमा क्लेम न मिलने तक आंदोलन को और मजबूत करने का निर्णय लिया। इसके तहत गांव-गांव में जनसभाएं की जाएंगी और 9 जनवरी को ट्रैक्टर मार्च जिला उपायुक्त कार्यालय पर किया जाएगा। महापंचायत की अध्यक्षता रामफल देशवाल, रामपाल सिंघानी, रविंद्र कंसवा, विजय गुरुवा और देवी दान ने संयुक्त तौर पर की। किसानों ने एक स्वर में बीमा क्लेम न मिलने तक आंदोलन जारी रखने का आह्वान किया।

#### इन मांगों को उठाया

किसान नेताओं ने बताया कि पिछले 4 माह से किसान अपने 350 करोड़ से ज्यादा के बकाया बीमा क्लेम को जारी करवाने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय लोहारू में धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन भाजपा सरकार किसानों को क्लेम दिलवाने की बजाय बीमा कंपनियों के हक में खड़ी है। इसलिए आंदोलन के अगले चरण के तहत किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया है। किसानों ने आज की पंचायत के माध्यम से फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने, लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करवाने, गांवों से निकलने वाली हाई टेंशन बिजली लाइनों का उचित और पूरा मुआवजा देने, जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी के स्थाई प्रबंध करने, धान खरीद में हुए महाघोटाले की जांच करवाने, जलभराव से बर्बाद फसलों का मुआवजा जारी करने की मांग भी रखी ।

#### कृषि कानून थोप रहे : सांसद

किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सीकर से सांसद अमराराम ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य किसानों को लूटना और अपने मुनाफे को बढ़ाने का है। पिछले 5 साल में इन्हीं बीमा कंपनियों ने 57 हजार करोड़ का मुनाफा कमाया है। आज किसानों की किसी भी फसल को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा, जिसमें किसानों से लूट हो रही है। सांसद अमराराम ने कहा कि केंद्र सरकार खेती को बर्बाद करने के मॉडल को अपना रही है। इसके तहत जिन तीन कृषि कानूनों को रद्द करवाया था, उन्हें नाम बदल कर लागू कर रही है। नवंबर 2024 में कृषि नीति का राष्ट्रीय प्रारूप लागू कर दिया गया, स्मार्ट मीटर योजना को लागू कर रही है, नया सीड बिल सरकार ले आई, इसी तरह चार लेबर कोड को लागू कर दिया।

#### ट्रैक्टर पर बढ़ाया टैक्स : इंद्रजीत

किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर के नवीनीकरण पर शुल्क में की गई 10 गुना वृद्धि किसान विरोधी है। मंच संचालन मास्टर जागरोशन, कविता आर्य, अधिवक्ता अशोक आर्य, सुरेश फरटिया, धर्मपाल बारवास, नरेश पहाड़ी ने किया। महापंचायत को मास्टर जगरोशन, सुरेश फरटिया, अशोक आर्य , कविता आर्य, धर्मपाल बारवास, सुमित दलाल, जोगिंदर तालू, मास्टर उमराव सिंह, कृष्ण सांवत, राजबीर कादयान, रामकुमार ढिल्लों, बलबीर सिंह बजाड, रवि आजाद, कामरेड फूल सिंह, नारायण दत्त शर्मा, कुलदीप बड़वा, सूबेदार सतबीर सिंह कितलाना टोल, अनिता लाखलाण मोरका,आजाद सिंह मीरान, कुलदीप ढांडा, ब्रह्मपाल, भूपसिंह दलाल, प्रताप हंसा वास, कामरेड रामपाल, एडवोकेट राजेश गोपी, ओमप्रकाश उमरवास आदि ने संबोधित किया।

# नहर किनारे व गांवों में भांग के पौधों को नष्ट करें : डीसी

■ जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति और चिह्नित अपराध की बैठक में डीसी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

उपायुक्त कार्यालय में चिह्नित अपराध और जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति के अधिकारियों के साथ उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बैठक कर नशे की बुराई को मिटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या को जड़ से खत्म करना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस सामाजिक बुराई से निपटने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय होना बहुत जरूरी है। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन पूरी निष्ठा से करें।

उन्होंने बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में नशे की रोकथाम को लेकर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग व ड्रग कंट्रोल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नशीली दवाएं बेचने वाली दुकानों पर कड़ी निगरानी रखें और समय-समय पर नशीली दवाओं के क्रय-विक्रय का डाटा भी चेक करें। वहीं सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे होना सुनिश्चित करने के साथ चेकिंग भी की जाए। वहीं पुलिस अधिकारियों को भी जिला में नशे की रोकथाम को लेकर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए।

#### यह रहे मौजूद

डीसी ने संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए कि खेतों, नहरों के किनारों व ग्रामीण क्षेत्रों में भांग के पौधों को नष्ट किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने चिन्हित अपराध के मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी, एसडीएम आशीष सांगवान, जिला न्यायवादी, उप जेल अधीक्षक जंगशेर मलिक, उप पुलिस अधीक्षक दिनेश यादव , अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### कुरुक्षेत्र में 2 को होगा हरियाणा कुमार और केसरी दंगल

जिला के खिलाड़ियों का 30 नवंबर को बलाली में होगा चयन ट्रायल

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि खेल विभाग द्वारा 2 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में हरियाणा कुमार व कुमारी तथा हरियाणा केसरी दंगल का आयोजन करवाया जाएगा। इसके लिए जिले के खिलाड़ियों के 30 नवंबर को बलाली में स्थित कुश्ती हॉल में वेट कैटेगरी में ट्रायल होंगे। हरियाणा कुमार हेतु वेट कैटेगरी 74 किलोग्राम तक तथा केसरी की वेट कैटेगरी 74 किलोग्राम, हरियाणा कुमारी वेट कैटेगरी 62 किलोग्राम से अधिक तथा केसरी वेट कैटेगरी 62 किलोग्राम से अधिक के चयन ट्रायल होंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित 30 नवंबर को सुबह 8 बजे बलाली के कुश्ती हॉल में अपना जन्म तिथि प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड की प्रति व रिहायशी प्रमाण पत्र की प्रति साथ लेकर पहुंचे।

# 700 विद्यार्थियों ने एक साथ किया गीता के तीन श्लोकों का उच्चारण

■ 1 दिसंबर को सुबह 11 बजे एक साथ होगा गीता पाठ



**भिवानी।** गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति, सदाचारी शिक्षा समिति, श्री कृष्ण कृपा परिवार तथा जिओ गीता के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानंद हाई स्कूल में ट्रेनर विद्यार्थियों द्वारा विशेष गीता पाठ आयोजित किया। 700 विद्यार्थियों ने एक साथ तीन श्लोकों का उच्चारण कर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले 1 दिसंबर को सुबह 11:00 बजे एक साथ गीता पाठ अभियान का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को उन तीन विशेष श्लोकों के साथ अष्टादश गीता श्लोकों का भी उच्चारण करवाया गया, जिनका वैश्विक पाठ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में निर्धारित हुआ है। कार्यक्रम में झज्जर जिले से पहुंचे शिक्षाविद विजेंद्र सिंह, निदेशक सावित्री यादव तथा अष्टादश गीता श्लोक उच्चारण जन-जागरण अभियान के संयोजक अशोक भारद्वाज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

#### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आज होगा आगाज

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को सुबह 9 बजे यज्ञ-हवन के साथ इस तीन दिवसीय महोत्सव का शुभांरभ होगा। इस दौरान तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तृति दी जाएगी और प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। सोमवार 1 दिसंबर को नगर से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### सांसद धर्मबीर सिंह आज करेंगे गीता महोत्सव का शुभारंभ

■ हिंद केसरी बाली शर्मा आज प्रस्तुति देंगे

**भिवानी।** किरोड़ीमल पार्क में 29 व 30 नवंबर तथा एक दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। गीता महोत्सव का शुभारंभ 29 नवंबर को सुबह नौ बजे हवन व गीता पूजन के साथ होगा, जिसमें सांसद धर्मबीर सिंह पहुंचेंगे और तीन दिवसीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की नवीनतम जानकारी दी जाएगी, वहीं दूसरी ओर सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाई जाएंगी। गीता महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। हरियाणा के सुप्रसिद्ध लोक गायक एवं हिंद केसरी बाली शर्मा 29 नवंबर को अपनी प्रस्तुति देंगे।

**अभियान** 75 साल पुराने खेजड़ी के पेड़ के लिए 3000 वार्षिक पेंशन

# खेजड़ी के पेड़ को बचाने निकाली जनचेतना यात्रा

*पुरातन भारतीय संस्कृति से जुड़ा खेजड़ी का वृक्ष दिन प्रतिदिन होता जा रहा लुप्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



**बहल।** राजकीय विद्यालय बहल में विद्यार्थियों को जागरूक करती खेजड़ी बचाओ यात्रा की टीम। **फोटो : हरिभूमि**

खेजड़ी बचाओ जनचेतना यात्रा शुक्रवार को बहल कस्बे में पहुंची। कस्बे के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों को खेजड़ी वृक्ष का महत्व समझाया गया व खेजड़ी वृक्ष को बचाने के लिए चल रही मुहिम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि खेजड़ी का वृक्ष हमारे जीवन के लिए उपयोगी है और हमें इसे बचाकर अपने भविष्य को सुरक्षित करना चाहिए।

शुक्रवार को जनचेतना यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक कमल सिंह यादव ने कहा कि खेजड़ी बचाओ जनचेतना यात्रा एक विशेष मुहिम से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि अरसे पुरानी संस्कृति से जुड़ा खेजड़ी का वृक्ष दिन प्रतिदिन लुप्त होता जा रहा है। जबकि, इसका हमारे जीवन के लिए विशेष महत्व रहा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी खेजड़ी का महत्व है। यह पेड़ गर्मी में जहां छाया देता है वहीं सर्दी में पत्ते गिरा देता है जिससे उर्वरक की जरूरत नहीं पड़ती है। इसके अलावा यह पेड़ फल भी देता है जो अनेक लाभकारी गुणों से युक्त होता है। उन्होंने कहा कि यह पेड़ कार्बन डाईऑक्साइड का विसर्जन करता है व ऑक्सीजन का उत्सर्जन करता है जिससे यह ग्लोबल वार्मिंग को कम करता है।

#### पर्यावरण बचाने की मुहिम

कमल यादव ने कहा कि इस पेड़ को बचाने के लिए सरकार ने भी पहल की है। सरकार 75 साल पुराने खेजड़ी के पेड़ के लिए 3000 रुपये की वार्षिक पेंशन देती है ताकि इस पेड़ का अस्तित्व बचा रहे और पर्यावरण सुरक्षित रह सके। यात्रा राजकीय उच्च विद्यालय गरवा में भी पहुंची, जहां विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि पुराने वृक्षों का हमारे जनजीवन से गहरा नाता रहा है। हमें इन पेड़ों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए।



### बवानीखेड़ा में बिगड़ी सीवरेज समस्या को लेकर विभाग अलर्ट

# पुराने नक्शे को खंगालकर शहर में सीवरेज लाइन खुलवाने का प्रयास

विधायक व चेयरमैन बोले- शहर में गंदगी नहीं फैलने दी जाएगी, विभाग युद्धस्तर पर तलाश रहा सीवरेज लाइन की कमियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा शहर में बिगड़ी सीवरेज समस्या को लेकर विभाग ने कमान संभाल ली है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सुनील कुमार द्वारा कर्मचारियों को इस कार्य पर लगाया गया है जो जेसीबी के माध्यम से खुदाई करके बंद सीवरेज प्रणाली का दुरुस्त करने का कार्य कर रहे हैं। इस कार्य पर विशेष रूप से विधायक कपूर वाल्मीकि व नपा प्रधान सुंदर अत्री भी नजर रखे हुए हैं ताकि शहर को गंदगी मुक्त बनाया जा सके।

बवानीखेड़ा के 16 वार्डों के व्यक्ति इस सीवरेज समस्या से परेशान नजर आते हैं। सरकार द्वारा विभाग के माध्यम से बनवाई गई करोड़ों रुपयों की सड़कें, गलियां, नाले, नालियां इससे प्रभावित हैं। लोगों का घरों में से निकलना दुभर हो गया है। इसको लेकर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया पर भी लोगों द्वारा मामला विभाग के सामने लाने का कार्य किया तो वहीं स्थानीय नेताओं व प्रशासन के समक्ष पेश होकर इस समस्या के समाधान की बात की। लेकिन कोई उपाय नहीं निकला। अंत में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इसको लेकर कमर कस ली है। जिससे लोगों में उम्मीद की रोशनी नजर आने लगी है।


बवानीखेड़ा के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सड़क के नीचे से सीवरेज लाइन को निकाला जा रहा।

#### अस्पताल से लेकर नपा के सामने तलाश

संबंधित प्रशासन द्वारा पुराने नक्शा का रिकॉर्ड खंगालकर बवानीखेड़ा में नागरिक अस्पताल से लेकर नपा कार्यालय के पास, टैक्सी स्टैंड के सामने वर्षों पुरानी दबी सीवरेज लाइन को जेसीबी के माध्यम से ढूंढने का प्रयास किया। जिसमें जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को सफलता हासिल हुई। विभाग द्वारा सामान्य बस स्टैंड व आगे की पूरी लाइन को ढूंढकर इस बंद सीवरेज व्यवस्था को शुरू करवाने का कार्य करेगा।

#### अधिकारी बोले-जल्द होगा समाधान

बवानीखेड़ा के जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि पुराने नक्शे के मुताबिक सीवरेज लाइन को ढूंढा जा रहा है जिसमें कामयाबी हासिल हुई है। बंद पड़ी सीवरेज लाइन को सुपरसकर उपकरण के माध्यम से खुलवाया जाएगा ताकि इस समस्या का समाधान हो सके। जल्दी व्यवस्था में सुधार होगा।

**विधायक व नपा प्रधान ने स्वयं संभाला मोर्चा :** बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री ने शहर से आए दिन आ रही सीवरेज की समस्या को लेकर स्वयं मोर्चा संभाला हुआ है और विधायक के भाई मास्टर राजेश कुमार, राकेश कुमार व समाजसेवी आशीष वाल्मीकि भी इस कार्य पर विशेष ध्यान दिए हुए हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी सूरत में शहर में गंदगी नहीं फैलने दी जाएगी। प्रशासन के कर्मचारी इस समस्या के समाधान के लिए जेसीबी व अन्य उपकरणों से व्यवस्था को सुधारने पर बल दिए हुए हैं।

## सिसोठ में दादा ने घोड़ी पर निकाला पोती का बनवारा



**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ निवासी घीसाराम यादव ने अपनी पोती अन्नू का बनवारा घोड़ी पर निकालकर बेटा-बेटी में समानता का संदेश दिया है। अन्नू पुत्री रविन्द्र की शादी गांव खातोद निवासी नीरज के संग शुक्रवार को होनी है, इसी खुशी पर दादा घीसाराम यादव, दादी बिमला देवी ने अपनी पोती अन्नू का बनवारा डीजे के साथ घोड़ी पर निकालकर सामाज में बेटा–बेटी में समानता का संदेश दिया है। ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान ने बेटी अन्नु को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर बधाई दी। मिशन महेन्द्रगढ़ अपना जल टीम सदस्य एवं समाजसेवी मुकेश चौहान ने बताया कि अन्नू का दादा जनस्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी है और पिता विरेंद्र एक मेहनतकस किसान है और माता सुमन एक ग्रहणी है, इन्होने बेटी अन्नू की अच्छी परवरिश की ओर बेटी को पढ़ने लिखने का पूरा अवसर दिया। इस समय बेटी अन्नू अंग्रेजी विषय से एमए फ़ाइनल कर रही है। इस अवसर पर अन्नू की दादी भागवती देवी, चाचा देविन्द्र, विक्रम, प्रेमचंद, लीलू चाची सुशीला, राजेश, सुनीता उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप



### समीक्षा बैठक में अपडेट रिपोर्ट लाएं : डीसी

**चरखी दादरी।** शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि वे बैठक में आते समय अपने-अपने विभाग की शिकायतों का पूरा अपडेट डाटा साथ लेकर आएं ताकि प्रत्येक लंबित शिकायत की समीक्षा की जा सके। उपायुक्त ने पब्लिक हेल्थ, पुलिस, इरीगेशन, पंचायत, राजस्व, पाल्यूशन बोर्ड, एचएसवीपी, पीडब्लूडी, पीओ व शिक्षा विभाग की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वे लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान कर एटीआर व फोटो कार्यालय में भेजे व पोर्टल पर भी अपलोड करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद, पोर्टल पर आई प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर समाधान करें। इन दौरान नगराधीश सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ मुख्यालय से अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर, सीएम विंडो जनसंवाद की विस्तार से समीक्षा की।

### कॉलेज में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

**बाढड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार के नेतृत्व व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. रिंकु के संचालन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बाढड़ा क्षेत्र के प्रतिष्ठित डॉ. अजय मांझु का प्राचार्य अनिल कुमार के द्वारा व वरिष्ठ स्टाफ सदस्यों के द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। डा. अजय मांझु व उनकी टीम के द्वारा अधिक से अधिक छात्राओं के बीपी, खून की जांच तथा वजन मापन आदि किया। इस दौरान डॉ. मांझु ने बताया कि अधिकार छात्राएं एनीमिया से प्रभावित हैं, जिन्हें अपने दैनिक जीवन में अधिक संतुलित आहार की आवश्यकता है। स्वास्थ्य शिविर में स्टाफ सदस्यों का भी चेकअप किया गया।




### छाजू राम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**बवानीखेड़ा।** गांव अलखपूरा व भिवानी में छाजू राम चौक पर आज ग्रामीणों ने सेठ छाजू राम का जन्मदिवस हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और सेठ छाजू राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। यह कार्यक्रम सुनील लांबा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस दौरान सुनील लांबा ने कहा कि छाजू राम केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और आंदोलन थे। उन्होंने उस दौर में शिक्षा की अलख जगाई जब समाज कुरीतियों और अंधविश्वास में जकड़ा हुआ था। आज हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में फैले भेदभाव को मिटाने और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए। सुनील लांबा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेठ छाजू राम ने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर शोषितों को आवाज दी। आज उनके जन्मदिवस पर हम सभी को यह प्रण लेनी होगी कि हम उनके दिखाए मार्ग से भटकेंगे नहीं। ग्रामीण व गणमान्य लोग उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज के युवाओं को उनके संघर्षों को पढना और समझना चाहिए, यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### सुरक्षा सखी पखवाड़े का सफल आयोजन

**नारनौल।** पचेरी कलां स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में सुरक्षा सखी पखवाड़ा के तहत पुलिस विभाग की ओर से एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें झुंझुनू एवं आसपास के कई क्षेत्रों से सुरक्षा सखियां एकत्रित होकर सक्रिय रूप से सहभागी बनी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सिंघानिया विवि के उपाध्यक्ष एवं कैंपस डायरेक्टर प्रोफेसर पीएस जस्सल ने कहा कि सखी समाज के बीच रहकर वास्तविकता को अच्छी तरह समझती हैं और उसे न्याय प्रणाली तक पहुंचाना उनका दायित्व है। उन्होंने सिंघानिया विवि की तरफ से सुरक्षा सखियों के बच्चों की बेटियों को 35 प्रतिशत तथा बेटों को 25 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की। रजिस्ट्रार मोहमद इमरान हाशमी ने कहा कि सुरक्षा सखी पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रो. प्रेसीडेंट डॉ. पवन त्रिपाठी ने कहा कि माता-पिता, शिक्षक, पुलिस और न्याय व्यवस्था समाज के अभिन्न स्तंभ हैं और सभी को अपनी जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी से निभानी चाहिए। नोडल अधिकारी कांस्टेबल पिंकी ने कहा कि वे सबसे पहले स्वयं को मजबूत बनाएं और किसी भी समस्या को बिना झिझक साझा करें। कार्यक्रम के दौरान जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मोनिका ने कहा कि सुरक्षा सखियों का कार्य किसी भी प्रकार के लैंगिक पक्षपात से परे होना चाहिए। प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाना ही उनका प्रमुख दायित्व है।

### टीबी उन्मूलन को लेकर बैठक में दिए निर्देश

**नारनौल।** टीबी उन्मूलन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दोचाना में ब्लॉक स्तरीय अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसएमओ डॉ. अंजली सैनी ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों के अलावा डॉ मुकुल सीएचसी दोचाना, डॉ अमित सिंघानिया दंत चिकित्सक व प्रवीण शर्मा, खंड आशा समन्वयक (सीएचसी दोचाना) भी उपस्थित रहे। बैठक में टीबी के लक्षण, रोकथाम और समय पर उपचार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि टीबी जांच—बलगम परीक्षण, एक्स-रे और सीबीएनएएटी—जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। बैठक में शिक्षा विभाग के रेड रिबन क्लब प्रतिनिधियों को विद्यालयों और कॉलेजों में टीबी स्क्रीनिंग व जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए।

# फुले दंपति को मिले भारत रत्न : गुलिया

■ कांग्रेस पार्टी कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कांग्रेस शहरी अध्यक्ष प्रदीप गुलिया और कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर मनाई गई। कांग्रेस शहरी अध्यक्ष प्रदीप गुलिया ने कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध लोगों के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके सामाजिक योगदान को याद किया।

शहरी अध्यक्ष प्रदीप गुलिया ने बताया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे में देश का पहला बालिका विद्यालय खोला, जबकि उस समय लड़कियों को पढ़ाना अपराध माना जाता था। फुले दंपत्ति ने समाजिक विरोध और हमलों के बावजूद शिक्षा का दीप जलाया। उनकी पहल महिलाओं, दलितों, श्रमिकों और वंचित वर्गों को शिक्षा से जोड़ने की पहल भारत के इतिहास का सबसे बड़ा सामाजिक क्रांति का आधार बनी। उन्होंने बताया कि कि भारत के संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर स्वयं स्वीकार करते थे कि उनके जीवन पर महात्मा ज्योतिबा फुले का गहरा प्रभाव रहा।

ज्योतिबा फुले के संघर्ष, सामाजिक न्याय के विचार और समानता के सिद्धांतों से प्रेरित होकर ही बाबा साहेब ने शिक्षा, मानवाधिकार और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में महान कार्य किए। फुले जी को मिला यह प्रेरणा-स्रोत ही आगे चलकर बाबा साहेब को भारत रत्न तक ले गया। सभी ने मिलकर महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। क्योंकि नारी शिक्षा, सामाजिक सुधार और मानवता की सेवा के लिए उनका योगदान अतुलनीय और ऐतिहासिक है। सभी ने समाज में शिक्षा, समानता और भाईचारे का संदेश देने का संकल्प लिया। प्रदीप गुलिया ने कहा कि फुले दंपत्ति का सपना तभी पूरा होगा जब समाज का हर व्यक्ति शिक्षा और अधिकारों से जुड़ जाएगा। इस अवसर पर तौलाराम शर्मा, शिव कुमार धानक, रोबिन चौहान, संजय गांधी, राजू तोगड़िया, रामबीर पालुवास, ओमप्रकाश भुक्कल, विक्रम श्योराण, मुकेश, तेजपाल परमार, प्रिंस सैन, आशीष, प्रवीण, पंकज, अमित सोनू कोच, दिनेश धनखड़, जय सिंह आदि मौजूद रहे।


भिवानी। ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### फुले के जीवन से मिलती रहेगी प्रेरणा : रीतिक

**भिवानी।** शिक्षा क्रांति के अग्रदूत एवं महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की आज पुण्यतिथि है। महान समाज सुधारक और क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। भिवानी में भी भाजपाइयों ने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहा कि महान समाज सुधारक और शिक्षाविद ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन। ज्योतिबा फुले जी ने एक ओर वंचितों के उत्थान के लिए अथक कार्य किए, तो दूसरी ओर शिक्षा को सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम बनाया. विषम परिस्थितियों में भी सामाजिक समरसता के लिए प्रतिबद्ध रहने वाले ज्योतिबा फुले जी नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे. उनका जीवन और दर्शन जनकल्याण व भावी पीढ़ी के निर्माण की प्रेरणा देते रहेंगे.इस अवसर पर एडवोकेट संदीप यादव धर्मेंद्र अरोड़ा ने भी सत्य शोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का औचक निरीक्षण


जिला कारागार में निरीक्षण करते हुए सत्र न्यायाधीश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-कम-सचिव पवन कुमार ने शुक्रवार को स्थानीय जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों में जाकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं विस्तार से सुनीं।

न्यायाधीश डीआर चालिया ने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उन कैदियों के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो आर्थिक, सामाजिक अथवा पारिवारिक परिस्थितियों के कारण निजी वकील उपलब्ध नहीं कर पाते।

उन्होंने जेल की बैरकों में साफ-सफाई की स्थिति को और बेहतर करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से शौचालयों व स्नानघरों की स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। सर्दी के मौसम को देखते हुए कैदियों को स्वच्छ पेयजल, गर्म कपड़े, कंबल और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए।

सेशन जज ने जेल के पुस्तकालय और अध्ययन कक्षों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कैदियों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, ताकि रिहाई के बाद वे रोजगार पा सकें और सम्मानजनक जीवन जी सकें।

# इंग्लिश डिबेट में 102 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

■ मॉडल संस्कृति स्कूल ने सरकारी स्कूल बनाम प्राइवेट स्कूल विषय पर प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

वीर इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 102 चयनित प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपनी प्रभावशाली शैली और तार्किक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में तर्क-शक्ति, आत्मविश्वास और वक्तृत्व कौशल को प्रोत्साहित करना था, जिसमें विद्यालय पूरी तरह सफल रहा। बाहरी विशेषज्ञों ने संभाली निर्णायक की भूमिका निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय ने बाहरी विशेषज्ञों को निर्णायक मंडल में शामिल किया।

इनमें संदीप (टैगोर अकादमी बाढड़ा), अनिल कुमार (कोचिंग संस्थान संस्थापक), मंदीप (समाजसेवी), अनिता (बैंक मैनेजर) एवं प्रोफेसर मैडम शामिल रहीं। सभी जजों ने बच्चों के जोश, तैयारी और प्रभावशाली प्रस्तुति की प्रशंसा की। प्रतियोगिता में मॉडल संस्कृति स्कूल, बॉर्डर के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया, जिनको अमन सांगवान ने उत्कृष्ट रूप से तैयार किया। उनकी टीम ने सरकारी स्कूल बनाम प्राइवेट स्कूल विषय पर दमदार तर्क रखते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

संस्थापक व प्रबंधन ने की सराहना कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक शास्त्री ने सभी बच्चों की हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि वीर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी मंचीय गतिविधियों के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। वहीं, विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत श्योरण ने इंग्लिश डिपार्टमेंट के शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए विशेष बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय वर्षभर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करता रहता है, जिससे बच्चों को स्टेज पर आने के अवसर मिलते हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

#### इन विषयों पर हुई जोरदार बहस

प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया, ऑनलाइन मार्केटिंग, सरकारी स्कूल बनाम निजी स्कूल, जंक फूड, टेक्नोलॉजी, वेस्टर्न बनाम इंडियन कल्चर, हार्ड वर्क एवं स्मार्ट वर्क, वॉटर पॉल्यूशन, मोबाइल फोन, वैल्यू ऑफ टाइम सहित 18 से अधिक महत्वपूर्ण विषयों पर बेहतरीन तर्क प्रस्तुत किए।

# बाल सुरक्षा व अधिकारों पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय बहल में विद्यार्थियों के अधिकारों एवं बाल सुरक्षा के विषय पर एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मसुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार झाझडिया कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम में हरियाणा स्टेट कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स सदस्य डॉ. मांगेराम, बीईओ बहल कृष्ण कुमार यादव, भिवानी की सोशल वर्कर रिंकू व स्टेट क्राइम ब्रांच भिवानी इंचार्ज प्रदीप की सहभागिता रही। मुख्य वक्ता डॉ. मांगेराम ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। कक्षा 11 की एक छात्रा द्वारा पूछे गए प्रश्न पर वक्ताओं ने घर से बाहर रहते समय आवश्यक सुरक्षा सावधानियों के बारे में जानकारी दी। एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए डॉ. मांगेराम और बीईओ कृष्ण यादव ने कहा कि कैडेट्स अनुशासन, सेवा और जागरूकता के सशक्त प्रतिनिधि होते हैं। प्राचार्य राजेश कुमार झाझडिया ने कहा कि विद्यालय बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों की जागरुकता और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।


बाल सुरक्षा पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद कैडेट्स।

### बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी में राष्ट्र स्तरीय 'इतिहास परिषद' वाद-विवाद स्पर्धा

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में उम्दा विचार रख मानवी बनी विजेता

मानवी, उर्वशी व खुशबू के सर्वोतम प्रदर्शन से वैश्य मॉडल स्कूल ने जीती ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी राजस्थान में आयोजित राष्ट्र- स्तरीय 'इतिहास परिषद' वाद -विवाद प्रतियोगिता में वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मानवी ने विषय के पक्ष में अपने विचार प्रकट कर प्रथम स्थान एवं सर्वश्रेष्ठ वक्ता के खिताब प्राप्त किया, साथ ही तीनों छात्राओं (मानवी, उर्वशी व खुशबू )ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करके विद्यालय को चलविजयोपहार दिलाने में अपना अपना योगदान दिया।

विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव बृजलाल सर्राफ,कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल ,सदस्य पवन अग्रवाल , प्रवीण गर्ग व प्रधानाचार्या कमला गुरेजा ने विजेताओं का माल्यार्पण करके व मिठाई खिलाकर सम्मान किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

महासचिव बृजलाल सर्राफ ने विद्यार्थियों व शिक्षक वर्ग को साधुवाद देते हुए उनके कार्य की सराहना की व उन्हें विद्यार्थियों के सर्वोन्मुखी विकास के लिए व सतत परिश्रम करने का संदेश दिया । प्रधानाचार्या कमला गुरेजा ने इस विशेष उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कुशल मार्गदर्शन व शिक्षक वर्ग के समर्पण के लिए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की। ध्यातव्य है कि बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी पिछले 78 वर्षों से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है ,जिसमें पूरे भारतवर्ष से अनेक ख्याति प्राप्त स्कूल अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाते हैं।

स्थानीय वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी भी हर वर्ष न केवल इस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं,अपितु अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अनेक बार चलविजयोपहार प्राप्त करके अपना वर्चस्व मनवाते रहे हैं । इस अवसर पर विद्यार्थियों की तैयारी करवाने वाले शिक्षक वर्ग में ऊषागर्ग, मंजू आचार्य,अनीता देवी, रेखा, रविता मैडम आदि उपस्थित रहे।


वैश्य स्कूल भिवानी में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

